
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सुको ने उत्तराखंड और दिल्ली सरकार को भेजा नोटिस

**सुनवाई**

## हरिद्वार धर्म संसद में आपत्तिजनक भाषण मामले पर सुनवाई

**संवाददाता**



देहरादून। अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ कथित रूप से हिंसा भड़काने वाले हरिद्वार धर्म संसद के भाषणों की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। देश के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता में सुनवाई कर रही पीठ ने इस मामले में उत्तराखंड और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। इससे पहले सोमवार को याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने पीठ के समक्ष मामले की तत्काल सुनवाई का उल्लेख किया था। याचिका उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश और वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश और पत्रकार कुर्बान अली ने दायर की थी।

याचिका में हरिद्वार धर्म संसद सम्मेलन में मुसलमानों के प्रति हिंसा भड़काने वाले भड़काऊ भाषण देने वाले लोगों की गिरफ्तारी और मुकदमे की मांग की गई थी। सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं की तरफ से पैरवी करते हुए कहा कि देश का नारा सत्यमेव जयते से शास्त्रमेव जयते में बदला हुआ लगता है। सिब्बल ने मामले का जिक्र करते हुए शीर्ष अदालत से कहा, हम बहुत खतरनाक समय में रह रहे हैं जहां देश में नारे सत्यमेव जयते से बदलकर शास्त्रमेव जयते हो गए हैं।

सिब्बल ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कथित तौर पर 17 से 19 दिसंबर, 2021 के बीच हरिद्वार में यति नरसिंहानंद और दिल्ली में शहिंदू युवा वाहिनीश द्वारा नफरत भरे भाषण दिए गए थे।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि कथित घृणास्पद भाषणों में जातीय नरसंहार के लिए खुले आह्वान किए गए थे। याचिका में आगे कहा गया है, यह ध्यान रखना जरूरी है कि उक्त भाषण केवल अभद्र भाषा नहीं हैं, बल्कि एक पूरे समुदाय की हत्या के लिए एक खुला आह्वान है। इस प्रकार उक्त भाषण हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए एक गंभीर खतरा हैं।

इसमें आगे कहा गया है कि यह ध्यान रखना प्रासंगिक है कि उत्तराखंड और दिल्ली पुलिस द्वारा वहां आयोजित कार्यक्रम के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, इस तथ्य के बावजूद कि नरसंहार के लिए नफरत भरे भाषण इंटरनेट पर मौजूद हैं।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय पर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर समिति के प्रभात डंडरियाल और आरिफ वारसी ने कहा कि हमारा परम कर्तव्य हो जाता है कि हम स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा ले और अपना और दूसरों का जीवन सुधारें। उन्होंने इस अवसर पर युवाओं से आग्रह किया कि वह नशे की आदत से दूर रहें तथा अपना जीवन सफल बनाएं। स्मरण रहे कि स्वामी का जन्मदिन युवा दिवस के रूप में पूरे भारत में मनाया जाता है। स्वामी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में समिति के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ,उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल,प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी, नवनीत गोसाईं ,प्रदीप कुकरेती, सुशील विरमानी ,अरुण खरबंदा ,आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बागेश्वर में फूटा कोरोना बम, 22 मरीज आए

**संवाददाता** बागेश्वर। जिले में बुधवार को एक बार फिर कोरोना बम फूटा है। यहां 22 नये मामले आए हैं। जिसमें से 19 लोगों को डिस्चार्ज किया कर दिया है। अब भी जिले में 37 एक्टिव केस हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनीता टम्टा ने कहा बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण की जांच के लिए 1116 सैंपल भेजे गए हैं। अब तक 158247 सैंपल भेजे जा चुके हैं, जिनमें से अभी तक जनपद में कोरोना के 6194 पॉजिटिव केस आए हैं, जिनमें से 6101 मरीज अबतक स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में जनपद में कुल 37 एक्टिव केस हैं। इसमें तीन संक्रमित मरीज का इलाज कोविड अस्पताल में चल रहा है।

### एसबीआई जनरल ने खरीफ फसल में नुकसान का 100 प्रतिशत किया भुगतान

**संवाददाता** नैनीताल । एसबीआई जनरल में, हम अपने किसानों को समर्थन और सुरक्षा प्रदान करने में अत्यंत गर्व का अनुभव करते हैं, जो इस देश को सुचारू रूप से चलाने में मदद करते हैं, विशेष रूप से हमारे जैसे कृषि प्रधान समुदाय में। एसबीआई जनरल ने पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2020 में उत्तराखंड में खरीफ फसल में नुकसान के दावों का 100 प्रतिशत भुगतान किया है और संबंधित सरकारी प्राधिकरण से आवश्यक मंजूरी प्राप्त की है, जो अक्टूबर 2021से प्रभावी है। कंपनी ने सम्पूर्ण देश में पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत पिछले 7 वर्ष से बड़ी संख्या में किसानों को बीमा संरक्षण प्रदान किया है। आने वाले मौसमों में उनके फसल को सुरक्षित करने के लिए किसानों को सभी आवश्यक सहायता के साथ समर्थन प्रदान करने लिए प्रतिबद्ध है।

## आचार संहिता का अनुपालन कराने को जिला निर्वाचन अधिकारी उतरे मैदान में

**संवाददाता** बागेश्वर। जनपद में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार स्वयं मैदान में उतरे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, रिटर्निंग आफिसर और एसडीएम के साथ बागेश्वर शहर के साथ ही बैजनाथ, टीट बाजार, गागरीगोल, गरुड़ बाजार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ जगह वॉल पेंटिंग और शॉपिंग कॉम्पलेक्स में बैनर पाए। जिन्हें उन्होंने तत्काल हटवाया।

बुधवार को डीएम ने टीट बाजार, बोरा प्रिंटिंग प्रेस में छापेमारी की। वहां किसी भी राजनैतिक दल का प्रिंटिंग प्रचार सामग्री नहीं मिली। ऑर्डर बुक के निरीक्षण के दौरान किसी भी दल का ऑर्डर भी नहीं पाया गया। उन्होंने प्रेस स्वामी को निर्देश दिए जो भी प्रचार सामग्री प्रिंटिंग प्रेस में छपे उसमें प्रिंटर एवं पब्लिकेशन के नाम के साथ ही उसकी संख्या अनिवार्य रूप से अंकित करें। साथ ही प्रचार सामग्री छापने से पूर्व राजनैनिक दल, प्रत्याशी अथवा नामित एजेंट का स्वीकृति पत्र (ऑर्डर) अनिवार्य रूप से होना चाहिए। ऐसा न पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कहा प्राइवेट भवनों के दीवारों पर पोस्टर चस्पा पाए जाने पर संबंधितों का खिलाफ कार्रवाई होगी। प्रशासन द्वारा प्रचार सामग्री हटाए जाने पर धनराशि भी वसूली होगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए वे बिना मास्क के घूम रहे। सामाजिक दूरी का अनुपालन न करने वाले व्यक्तियों का चालान करें।





## राष्ट्रीय युवा दिवस में पर चलाया स्वच्छता अभियान

**संवाददाता** रुद्रपुर। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गयाद्य इस अवसर पर छात्राओं ने श्रमदान किया गया और परिसर में सफाई की गई। इसके पश्चात गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी का शुभारम्भ प्राचार्य डॉक्टर सुभाष वर्मा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता रानी ने संचालन करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन व योगदान पर विचार रखे। इस वर्ष की थीम इट्स ऑल इन द माइंड है। राजकीय सेवा योजना स्वयंसेवी ने संकल्प गीत गाया। छात्राओं ने चार्ट प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनीषा मौर्य, नेहा कुमारी, दिव्या बिष्ट, दीपा आर्य मौजूद रही।

## 23 जनवरी को बूथ में तथा बाद में घर-घर जाकर पिलाई जाएगी दवा

**संवाददाता** बागेश्वर। जिलाधिकारी विनीत कुमार ने कहा कि पोलियो अभियान के दौरान कोविड के नियमों का कड़ाई से पालन किया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी। 23 जनवरी को बूथ में तथा बाद में घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। जिले में 21335 नौनिहालों को पोलियो पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह निर्देश उन्होंने जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिए।

बुधवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा तथा बाल विकास विभाग को समन्वय स्थापित करते हुए टीम भावना से कार्य करने के निर्देश



दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विकासखंड वार ठोस कार्ययोजना बना लें। मानिटरिंग करते हुए शत-प्रतिशत करने का प्रयास करें।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी व स्कूलों के माध्यम से अभियान को सफल बनाया जाए। पल्स पोलियो अभियान के दौरान विद्युत व्यवस्था भी सुचारू रहे। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में 23 जनवरी को सभी बूथों पर तथा 24, 25 व 26 जनवरी तक घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

नगर में सात बूथ, ग्रामीण में 364 और छह मोबाइल बूथ बनाए गए हैं। 528 टीम गठित की गई हैं। सात फरवरी, सात मार्च व सात अप्रैल को मिशन इंद्रधनुष के तहत विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पदमेंद्र सकलानी, ईई ऊर्जा निगम विवेक कांडपाल, सीएमएस डा. विनोद टम्टा, डा. प्रमोद जंगपांगी, जिला कार्यक्रम बाल विकास अधिकारी अनुलेखा बिष्ट आदि मौजूद थे।

## मुनस्यारी में कई लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**संवाददाता** पिथौरागढ़। हिमनगरी में कई लोगों ने कांग्रेस का हाथ थामा है। विधायक हरीश धामी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। कहा कांग्रेस के साथ जुड़ रहे लोग आगामी विस चुनाव में पार्टी की जीत का प्रमाण हैं। बुधवार को विधायक हरीश धामी ने मदकोट, जोशा, गांधीनगर, सेबिला आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान कई लोगों ने कांग्रेस पर विश्वास जताते हुए पार्टी का हाथ थामा। विधायक धामी ने सभी नए सदस्यों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और पार्टी की सदस्यता दिलाई। कहा भाजपा की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। निश्चित तौर पर कांग्रेस पर बढ़ा है। निश्चित तौर पर आगामी विस चुनाव में कांग्रेस अपना परचम लहराएगी। इस मौके पर कैप्टन शेर सिंह, बहादुर सिंह जोशाल, जीवंती देवी, बसंती देवी, लवराज, गीता देवी, हीरा देवी, जगत सिंह, राजेंद्र पिमोली, रमेश कोरंगा सहित कई लोग शामिल रहे।